# Blood Donation Camp

11.10.19

# रक्तदान शिविर में 50 यूनिट ब्लड हुआ एकत्रित




भास्कर न्यूज | धारूहेड़ा

खरखड़ा गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को नागरिक अस्पताल रेवाड़ी के सौजन्य से रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु हुड्डा ने किया।

प्राचार्या डॉ. हुड्डा ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की दो बूंद किसी जरूरतमंद की जिंदगी को बचा सकती है। इसलिए हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान अस्पताल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. नीतू सिंह ने रक्तदान को लेकर भ्रांतियां दूर करते हुए कहा कि रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 56 दिन में एक बार अवश्य ही ब्लड डोनेट करना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों को मदद मिलती है, अपितु शरीर भी स्वस्थ रहता है। कॉलेज से एनएसएस इंचार्ज डॉ. सुशीला लांबा व डॉ. सत्येंद्र चौहान ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापकों ने भी रक्तदान किया। शिविर में 50 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। मौके पर कॉलेज से डॉ. मुकेश कुमार, रामनिवास, डॉ. भरत, डॉ. प्रदीप, अनिल कुमार, डॉ. सुरेंद्र सहित अन्य कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## एचआईवी संक्रमित लोगों की संख्या के मामले में देश तीसरे नंबर पर, बरतें सतर्कता

रेवाड़ी | कंवाली गांव स्थित श्रीकृष्ण राजकीय महाविद्यालय में एचआईवी संक्रमण से बचाव एवं इससे संक्रमित व्यक्ति के साथ किए जाने वाले व्यवहार को लेकर छात्र-केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्य वक्ता चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन यादव ने कहा कि बचाव ही इसका एकमात्र उपाय है। डॉ. अमन ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी समझाते हुए कहा कि आपका रक्त न केवल दूसरों की जान बचा सकता है, बल्कि यह आपके लिए भी फायदेमंद रहता है। उन्होंने बताया कि सालाना देश में 5 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, वहीं इसकी आपूर्ति मात्र 5 लाख यूनिट है, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। डॉ. अमन ने बताया कि एचआईवी संक्रमण का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। भारत एचआईवी संक्रमित लोगों की संख्या के मामले में तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। इसलिए हमें सतर्कता बरतने की जरूरत है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वीरपाल यादव ने किया। जबकि मंच संचालन सहायक प्रोफेसर विकास राव ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अमर सिंह, डॉ. आभा यादव, सुमित्रा देवी, डॉ. पूनम, गीता देवी, संगीता देवी, पूनम, रीना, योगेश, पिंकी, अनिता यादव, निशा, कोमल तथा अन्य सहायक प्रोफेसर मौजूद रहे।

# Blood Donation Camp



11.10.19

## रक्तदान से बढ़कर नहीं कोई दान

शिविर में रक्तदाता का उत्साहवर्धन करते स्टाफ सदस्य • जागरण

संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा: खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में नागरिक अस्पताल रेवाड़ी व एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने 52 यूनिट रक्तदान किया।

प्राचार्य रेणु हुड्डा ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्त बनाने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है, इसलिए हमें नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में गलत धारणा बनी हुई है कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है यह गलत है। रक्तदान करने से न केवल रक्त का संचार बेहतर होता है बल्कि हृदयघात की आशंका भी कम हो जाती है। शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एनएसएस छात्रा इकाई प्रभारी सुशीला लांबा, छात्र इकाई प्रभारी सतेंद्र चौहान ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया। शिविर में नागरिक अस्पताल से डॉ. नीतू सिंह, संजय, अशोक, महेंद्र, सोनाली, नरेश कुमार की टीम ने सहयोग किया। डॉ. नीतू सिंह ने रक्तदान की महत्ता के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रभारी अखिल चौहान व हितेश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को बैंक से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी। इस मौके पर मुकेश यादव, सतेंद्र चौहान, भारत भूषण, प्रदीप, अनिल, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

Incharge
Programme Officer (N.S.S.)
Girls Unit
Distt. Rewari

Principal
Govt. College, Kharkhara
G.C. Kharkhara

07.05.2022

# पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे



खरखड़ा में पक्षियों के सकोरे रखते शिक्षक व विद्यार्थी • सौ. कालेज

**संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा:** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में विद्यार्थियों की ओर से पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध किया गया। अभियान के तहत सकोरे लगाकर परिंदे बचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता व दीपक कुमार ने कहा कि गर्मी की मार से पक्षियों को बचाने के लिए यह मुहिम शुरू की गई है। अधिकतर सामाजिक संस्था लोगों के लिए प्याऊ लगाकर पेयजल व्यवस्था करती है, लेकिन पक्षियों के लिए गर्मी में दाना, पानी की नहीं हो पाती। इसके कार पक्षी भूख और प्यास से म यदि हम अपने आसपास उनके लिए दाना, पानी की कर सके तो यह पक्षियों के लिए अच्छा साबित होग की ओर से 30 से अधिक पक्षियों के दाना व पानी र इस मौके पर उपप्राचार्या डा. मुकेश यादव, एकता सुधांशु, रामनिवास, सुनी मौजूद थे।

## August 08, 2022: Har Ghar Tiranga Rally




# घरों पर तिरंगा फहराने का लिया संकल्प



धारूहेड़ा. खरखड़ा में तिरंगा यात्रा निकालते स्वयंसेवक।

धारूहेड़ा @ पत्रिका. खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवकों व सेविकाओं की ओर से तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यात्रा शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दयावती ने किया। तिरंगा यात्रा भारत माता की जय और वीर बलिदानी अमर रहें के जयकारों के साथ खरखड़ा गांव की मुख्य गलियों से होते हुए वापस कॉलेज में आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रभारी दीपक व ज्योति गुप्ता ने कहा कि देश सेवा, संस्कार एवं महापुरुषों के बलिदान को कभी नहीं भुला सकते। देश के प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है कि वह अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करें। इस मौके पर स्वयं सेवकों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।

# Yoga Session in NSS Camp

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 24-03-2022

## खरखड़ा कॉलेज में एनएसएस कैंप का आयोजन, योगाभ्यास का महत्व बताया

धारूहेड़ा | गांव खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को आयुष विभाग की तरफ से राजबाला और पिंकी यादव ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता और दीपक कुमार ने भी योगाभ्यास किया। उन्होंने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को योग के महत्व के बारे में बताया। उपप्राचार्या दयावती ने योगा के गुणों के बारे में प्रकाश डाला तथा उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ व सुखद बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। साथ ही उन्होंने आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया। दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। स्वयंसेवकों के बीच रिले रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें मनमोहन टीम प्रथम स्थान, मोहित टीम द्वितीय और शिवा टीम तृतीया स्थान पर रही।



National Unity Day
31/11/2023

# निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित



राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी ● सौ. कालेज

**संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा:** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। [illegible] भारत में 562 रियासतें थी, जिन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी काबिलियत के दम पर भारत में विलय किया। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता ने स्वयंसेवकों को सरदार पटेल के जीवनी के बारे में अवगत करवाया गया। प्रतियोगिता में [illegible] विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# विद्यार्थियों को शपथ दिलाई
## लौह पुरुष पटेल की जयंती मनाई



**धारूहेड़ा:** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिन पर राजकीय खरखड़ा महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों की ओर से जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्राचार्य शर्मिला ने जागरूकता रैली को रवाना किया तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में बताया। रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर गांव की गलियों से वापस कॉलेज पहुंची। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ज्योति ने स्वयंसेवकों व सेविकाओं को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता का अर्थ है राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना, जिसमें जाति, सम्प्रदाय, धर्म, भाषा संस्कृति आदि के अंतर को भुलाकर अपने को एक समझा जाए।

National Unity Camp,18/07/2023-24/07/2023,IGU Meerpur, Rewari

## शिविर में स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



...ीय एकता शिविर के प्रतिभागियों को सम्मानित करते स्टाफ के सदस्य • सौ. स्कूल

संस धारूहेड़ा
राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य अर्चना ने आइजीयू मीरपुर में 18 से 24 जुलाई तक आयोजित हुए राष्ट्रीय एकता कैंप प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। 17 राज्यों के विद्यार्थियों ने इस कैंप में भाग लिया था। मंगलवार को स्वयंसेवक विनीत यादव व दीपक कुमारी ने कालेज पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए तथा उन्हें कालेज प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. दयावती डा. सतेंद्र चौहान, डा. रामनिवास डा. सुशीला लांबा, ज्योति आदि मौजूद रहे।

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित




राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ सदस्य• सौ. महावि.

संस, धारूहेड़ा: खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में हरियाणा शहीदी दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। एनएसएस प्रभारी ज्योति गुप्ता व मनु कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए प्रथम तृतीय वर्ष की वर्षा ने पहला, बीए द्वितीए वर्ष की अनन्या दूसरे व बीए द्वितीए वर्ष की जसबिंदर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अर्चना सूटा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. दयावती, डा. सुशीला लांबा, एकता रानी, सुशील, प्रदीप कुमार, राजश्री, कविता यादव आदि उपस्थित रहे।

September 22, 2023, Haryana Hero's Day.

# College Cultural Fest "Spectrum"

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 14-02-2024

## राज्य स्तरीय महोत्सव...सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, फाइन आर्ट लेखन, रंगोली और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता करवाई










## Kalash Yatra"Meri Mati Mera Desh", 09/10/2023




## पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान



राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ • सौ. महाविद्यालय

**संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा :** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में यूथ रेडक्रास रेड रिबन क्लब की ओर से रक्तदान करें, जीवन बचाएं विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम आयोजक ज्योति गुप्ता ने विद्यार्थियों को रक्तदान करने की महत्ता के बारे में जागरूक किया। प्रतियोगिता में छात्रा सरला प्रथम, मेघा द्वितीय तथा तमन्ना तृतीय रही। प्रोफेसर दीपक, राजश्री और सरिता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई की। प्रोफेसर एकता ने विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य अर्चना सूटा ने विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी।

## Blood Donation Awareness 20/10/2023

←

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 05-02-2024

Red Cross Training IGU Meerpur

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अभय दास व अंकित की टीम ने पाया द्वितीय स्थान



भास्कर न्यूज | खरखड़ा

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में जिला स्तरीय युवा रेड क्रॉस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के वाईआरसी के वॉलिंटियर्स ने भी भाग लिया।

महाविद्यालय की प्रियांशी ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अभय दास और अंकित की टीम ने द्वितीय स्थान और 100 मीटर रेस में विनीत ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। उपरोक्त सभी वॉलिंटियर्स ने हर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्राचार्य डॉ. अर्चना सुट्टा ने सभी वॉलिंटियर्स को बधाई दी। इस दौरान वॉलिंटियर्स ने यूनिवर्सिटी में आयोजित ट्रेनिंग के अनुभव साझा किया। इस ट्रेनिंग में वाई आरसी काउंसलर ज्योति गुप्ता ने भी हिस्सा लिया और वहां पर वाईआरसी काउंसलर ने लैमन रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मिश्रीलाल, डॉ. सुशीला लाम्बा, प्रो. एकता, शिल्पा, शर्मीला आदि उपस्थित रहे।

January 11 to 17, 2023: Road Safety Week

## निबंध प्रतियोगिता में ज्योति बनी विजेता



प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ के सदस्य • सौ. [illegible]

संस, धारूहेड़ा: राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डा. शर्मिला यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में शरनीना प्रथम, निक्की द्वितीय तथा निकिता तृतीय रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ज्योति प्रथम, अंजली द्वितीय तथा रवीना तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर डा. सुशीला लाठर, डा. प्रदीप, डा. एकता, डा. दीपक, डा. राजश्री निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर ज्योति गुप्ता ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया।

Awareness Drive " Drug Addiction"

## खरखड़ा कालेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

संस, धारूहेड़ा: खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को स्टेट एनएसएस सैल द्वारा नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण सुरक्षा व प्लास्टिक मुक्त हरियाणा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्राचार्य अर्चना गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में टाप रही तीन छात्राओं के नाम व पोस्टर स्टेट सैल के पास भेजे गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में कुन वर्मा प्रथम, महक कुमारी द्वितीय व पूजा कुमारी तृतीय रही। इस मौके पर प्रो दयावति, सुधांशु, हरिप्रकाश, रामनिवास, सुशीला लाठर, एकता, सतेंद्र चौहान, राजश्री, ज्योति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

Voter Awareness Rally, 17/03/2024

## स्वयंसेवकों ने मतदान के लिए किया जागरूक



खरखड़ा गांव में राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के स्वयंसेवक • सौ. महाविद्यालय

संस, धारूहेड़ा: राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने खरखड़ा गांव में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रैली भी निकली। मतदान को लोकतंत्र के पर्व रूप में मनाए जाने के लिए स्वयंसेवकों ने मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया। इसमें विषय नकल रहित शिक्षा का था। इसमें सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजश्री, सरिता व कविता ने निभाई। प्रतियोगिता में अरुण प्रथम, इंदू द्वितीय और अनूप तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता और मनु कुमार ने निर्णय मंडल का आभार व्यक्त किया।


की
जान
मत मतदाता

# Tungnath Adventure Camp (23 to 29 January 2024)



Indira Gandhi University Meerpur, Rewari-Haryana

National Service Scheme

Ministry of youth affairs & sports govt. of india

Second University Level Adventure Camp

This is certified that Mr./Ms. TANU [illegible] ABHE SINGH

NSS Volunteer of Govt. College, Kharkhoda [illegible]

Adventure Camp from 23 Jan 2024 to 29 Jan 2024 at Tungnath, Uttarakhand

[illegible] A+ grade.





Road Safety Awareness Drive 18/03/2024

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ सदस्य • सौ. कालेज

**संस, बारूहेड़ा:** खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस ईकाइयों की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डा. शर्मिला ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालना करने की अपील की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, तन्नू द्वितीय व प्रियंका तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. दयावती, डा. सुशीला लांबा और स्वीटी ने निभाई। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।



## Say No to Crackers, 18/03/2024




**Cracker Free Diwali** **विविध गतिविधियां** **03/11/2023**

# पटाखे नहीं जलाने का दिलाया संकल्प




महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को जागरूक करते स्टाफ के सदस्य॰ सौ. महाविद्यालय

**संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा :** खरखड़ा के राजकीय महाविद्यालय में तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण से बचाव व पटाखों को जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रभारी ज्योति गप्ता ने संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण लोग परेशान हैं। मानव स्वयं ही मानव के लिए समस्या बनता जा रहा है। यदि समय रहते प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं हुए तो जीना मुश्किल हो जाएगा। जागरूकता रैली निकाल आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## Rally on Voting Awareness

रेवाड़ी भास्कर 17-03-2024


### खरखड़ा कॉलेज के विद्यार्थियों ने कैम्प लगा लोगों को किया जागरूक



गांव खरखड़ा में रैली निकालते हुए कॉलेज के विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज़ | खरखौदा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में आयोजित एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन शनिवार को स्वयंसेवकों ने खरखड़ा में सफाई अभियान के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी भी निकाली। मतदान को लोकतंत्र के पर्व के तौर पर मनाये जाने के साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नकल रहित परीक्षा' था। इसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजश्री, सरिता और कविता ने मुख्य निभाई। प्रतियोगिता में अरुण प्रथम, इन्दु द्वितीय और अनूप तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता और मनु कुमार ने निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया।




## Pledge Under Viksit Bharat Abhiyan2047
25/01/2024



National Youth Festival held at Nasik (Maharastra).








Oath Ceremony on Constitution Day
28/11/2022

National Youth Day

Save

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 13-01-2024

# खरखड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व बताया



धारूहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में रेड रिबन क्लब व एनएसएस की तरफ से शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्राचार्या डॉ. अर्चना सुड्डा ने छात्रों को राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, व स्लोगन प्रतियोगिता भी हुई। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सुशीला,डॉक्टर मन्नू कुमार व सुधांशु, डॉक्टर दयावती, राजश्री, सरिता, प्रदीप, कविता एवं सरिता ने निभाई। संचालन ज्योति गुप्ता ने किया।

Independence Day,15/08/2023



March 23 to 29, 2023:NSS Seven days camp

खरखडा में एनएसएस शिविर का समापन

# बेस्ट वॉलियंटर बनने पर किया सम्मानित



धारूहेडा. वॉलियटर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती प्राचार्या।

**धारूहेडा @ पत्रिका.** खरखडा महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्या शर्मिला यादव ने एनएसएस के स्वयं सेवकों को समाज सेवा में सहयोग करने की प्रंशसा की तथा राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता व दीपक कुमार ने बताया कि बेस्ट वॉलियंटर का खिताब निक्की यादव व गोविंद को मिला। विनित और अंकित शिविर में आलराउड रहे प्राचार्य ने वॉलियटर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किय। इस मौके पर डॉ. दयावति, सधांशु, हरिप्रकाश सतेंद्र चौहान, एकता, सुशील, मनु कुमार, महेश शिवानी, मान्या शर्मिला, प्रदीप, कपिल, सरिता मीनाक्षी, स्वीटी, शिल्पा आदि मौजूद रहे।

Extension Lecture on Contitution, March 21 to 27, 2022: Seven days camp



RUN for UNITY by NSS, 31/10/2023






Pledge on Say No to Tobacco NSS







धूमपान और नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता की शपथ लेते राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के विद्यार्थी • जागरण


**संस, धारूहेड़ा :** खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय मे तंबाकू निषेध व नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्राओं को एनएसएस प्रभारी ज्योति गुप्ता व मनु भांडोरिया ने तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। प्राचार्या अर्चना सूटा ने तंबाकू से होने से वाले दुष्परिणामों के बारे के जागरूक किया तथा अपने साथ रहने वाले तंबाकू को नशा करने वालों का भी जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर डा. दयावती, डा. सुशीला लांबा, डा. सिघांशु, सुशील कुमार, प्रदीप, सरीता, कविता यादव आदि मौजूद रहे।

# Awareness on Stubble Burning

07/11/2019

## विद्यार्थियों ने खेतों में जाकर किसानों व रैली निकाल ग्रामीणों को पराली न जलाने के लिए किया जागरूक





### पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में कराया अवगत

26/11/2020

संविधान दिवस

# Constitution Day

26-11-2020

आज दिनांक 26-11-2020 को संविधान दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के प्रांगण में प्राचार्य एवं सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक कुमार और कुमारी ज्योति गुप्ता सहित सभी सदस्यों ने शपथ ली। राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डा० मुकेश कुमार ने सभी स्टाफ सदस्यों को संविधान की प्रस्तावना का महत्व समझाया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य श्रीमति [illegible], डा० [illegible], डा० हरिप्रकाश, डा० [illegible], डा० [illegible], डा० सुरेन्द्र, सुनील कुमार, मधु कुमार, एकता रानी, शिवानी, प्रदीप कुमार, रजनी, सरिता, [illegible], सविता, कविता, मीनाक्षी, [illegible], [illegible], सोनू, सुनील, अनिल आदि सहित सभी उपस्थित रहे।

Programme Officer NSS


1. DEEPAK KUMAR (BOYS UNIT)
1. JYOTI GUPTA (GIRL UNIT)

Principal
Govt. College, Kharkhara
(Rewari)



## Spit Free India

04/09/2020




## First AID Training






# जागरूकता कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने ली शपथ

**संस, धारूहेड़ाः** खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में विकसित भारत अभियान 2047 के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता पखवाड़ा के चलते जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मनु कुमार ने विकसित भारत में योगदान देने के लिए स्वयं सेवकों का शपथ दिलाई।

कालेज उपप्राचार्य डा. दयावती ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वयंसेवकों को देश सेवा व समाजसेवा में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता, डा. सुशीला लांबा, डा. भारत भूषण, सरिता आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

DATE – 23 जुलाई 2019

Pledge for Water Conservation

# विद्यार्थियों को पानी बचाने के लिए दिलाया संकल्प



विद्यार्थियों को जल संरक्षण व जल संचयन करने की शपथ दिलाते प्रोफेसर।

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल शक्ति अभियान की शुरुआत की गई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु हुड्डा ने विद्यार्थियों को जल का संरक्षण करने के साथ ही जल संसाधनों को प्रदूषित न करने की विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों को पानी की एक-एक बूंद बचाने का भी संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन का मूल है और इसका संरक्षण करना हमारा प्रथम दायित्व है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सत्येंद्र सिंह, डॉ. सुशीला लांबा, प्रो. दयावती, प्रो. हरिप्रकाश, प्रो. रामनिवास, प्रो. कौशल कुमारी, प्रो. एकता रानी, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. सुशील कुमार, फलक खन्ना व मिनाक्षी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# Extension Lecture on POSH Act 2013






# Extension Lecture on Health & Hygiene





# Extension Lecture on Transgender Issues

## छात्राओं को ट्रांसजेंडर के बारे में दी जानकारी



राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्य • सौ. महाविद्यालय

संस, धारूहेड़ा : खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से ट्रांसजेंडर के प्रति जागरूकता को लेकर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय से डा. प्रिती चतुर्वेदी ने छात्राओं को व्याख्यान के माध्यम से बताया कि ट्रांसजेंडर लोग कौन है। इस वर्ग में किन-किन लोगों को शामिल किया जाता है। उनके सामने कौन-कौन सी समस्याएं आती है। उनके प्रति संवेदनशीलता कैसे पैदा की जाए। उनका उत्थान केवल सामाजिक संवेदनशीलता पैदा करके ही किया जा सकता है। कालेज प्राचार्य अर्चना सूटा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजक व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुशीला लांबा ने ऐसे व्याख्यान से जानकारी हासिल करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।



# Extension Lecture on Women Empowerment

विविध गतिविधियां

## महिलाएं पहचानें अपनी शक्ति : डा. प्रवीण



खरखड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्य • सौ. महाविद्यालय

**संवाद सहयोगी, खरखौदा :** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में महिला सशक्तीकरण पर कार्यशाला एवं परिचर्चा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डा. कौशल कुमारी रही। मुख्य वक्ता गुरुग्राम द्रोणाचार्य कालेज की डा. प्रवीण ने महिलाओं को इसके लिए जागरूक किया गया। उनको महिलाओं के अधिकारों के प्रति सचेत किया गया। महिलाओं के हित में चल रही योजनाओं की जानकारी दी। अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें और अपनी प्रतिभा को विकसित करें। अगर वो ठान लें तो कुछ भी कर सकती हैं। इसका वर्तमान उदाहरण चंद्रयान मिशन है, इस मिशन में पांच महिलाओं की भागीदारी है। अत: सभी नारियों को चाहिए कि अवसर का सदुपयोग कर अपनी शक्तियों का भरपूर उपयोग करें। कार्यक्रम आयोजक सुशीला लाम्बा ने सभी का आभार जताया।



# Self Defence Training Women Cell

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 23-11-2023

## खरखड़ा महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रशिक्षण में सीखे आत्मरक्षा के गुर



खरखड़ा महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते दीपचंद कोच।

भास्कर न्यूज | खरखौदा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी डॉ. सुशीला लांबा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. अर्चना सुड्डा की उपस्थिति में दीपचंद कोच ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। प्राचार्य ने कहा कि आज के युग में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस रहने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना अतिआवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान महाविद्यालय की डॉ. एकता रानी, डॉ. सरिता आदि उपस्थित रहीं।


## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

संस. खरखौदा : राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा. अर्चना सुट्टा उपस्थित रही।

ब्लैक बेल्ट होल्डर दीपचंद ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए विभिन्न तकनीक सिखाईं। छात्राओं को मार्शल आर्ट की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आवश्यक है कि लड़कियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाएं, ताकि वह घर से बाहर निकलकर समाज में अपनी रक्षा कर सकें। आत्मरक्षा के प्रदर्शन में दिखाया कि बाजारों में या सड़क पर होने वाली छेड़छाड़ की घटना से अपना बचाव कैसे कर सकती हैं। कालेज कार्यक्रम आयोजक सुशीला लांबा ने बताया कि समय-समय पर छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे स्वावलंबी बन सकें।



# Extension Lecture on Nutrition


22-2-23
'Nutrition'
Micro & Macro Nutrients
Essential & Non essential
Group discussion
Response

दैनिक भास्कर
रेवाड़ी भास्कर 31-10-2023

# मेहंदी प्रतियोगिता में अर्पिता प्रथम हर्षिता द्वितीय और स्नेहा तृतीय रही




मेहंदी प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या व स्टाफ।

भास्कर न्यूज | धारूहेड़ा

खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कॉलेज छात्राओं ने हिस्सा लिया और कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. अर्चना ने त्योहार की महत्ता समझाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पिता (बी.कॉम), द्वितीय स्थान पर हर्षिता (बी.कॉम) व तृतीया स्थान पर स्नेहा (बी.ए.) रही। इस अवसर पर डॉ. दयावती, डॉ. सिधांशु, डॉ. सरिता, डॉ. राजश्री, डॉ. कविता, डॉ. स्वीटी, डॉ. एकता, डॉ. शर्मीला सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Essay Writing on Women Empowerment



निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ सिद्धार्थ, रामनिवास, डॉ एकता, डॉ मुकेश, डॉ सत्येन्द्र भारत, डॉ प्रदीप, डॉ दीपक, डॉ शिवानी, डॉ ने निभाई।

# 'महिला सशक्तीकरण' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में नेहा ने पाया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज़ | रेवाड़ी

खुरखुड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को महिला प्रकोष्ट द्वारा विभिन्न विषयों पर निबंध, पोस्टर एव स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित स्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध में तृतीय वर्ष की नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रेणु हुड्डा ने विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समाज में लड़कियों के प्रति सोच में बदलाव आ रहा और यह बेटियों की मेहनत से ही हुआ जो कि उन्होंने अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में अपने आप को आगे लाकर खड़ा किया है।इस अवसर पर हुई प्रतियोगिता में निबंध मे नेहा प्रथम, पोस्टर मेकिंग में आयुष जोशी और स्लोगन राइटिंग मे निधी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात प्राचार्य ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ सुशीला लांबा,दयावती, डॉ एकता, रामनिवास सहित अन्य मौजूद रहे।


रेवाड़ी 17-1-21

# Extension Lecture on Health & Hygiene





Online Extension Lecture on Health & Hygiene






Poster Making competition on " Beti Bachao, Beti Padhao"






# National Girl Child Day

रेवाड़ी भास्कर 25-01-2024

**विमेंस न्यूज़**

## बालिकाओं के सशक्तीकरण और मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता: डॉ. अर्चना सुद्दा



खरखौदा | राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में रेड-रिबन क्लब की ओर से स्लोगन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन रेड-रिबन की इंचार्ज ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सुद्दा द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्या ने महिला सशक्तिकरण के बारे में उपस्थित विद्यार्थियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि 24 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत साल 2008 में की गई थी, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उनके सशक्तीकरण व मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना है। बालिकाओं के सामने आने वाली असमानताओं को उजागर करने और उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व सहित जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ दयावती, डॉ दीपक कुमार, डॉ सुशीला,डॉ प्रदीप कुमार,राजश्री व सरिता ने निभाई। निबंध लेखन में जसविन्द्र प्रथम,अंजलि द्वितीय और नेहा तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन में इंदु प्रथम, स्नेहा द्वितीय और जसविन्द्र तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर में स्नेहा प्रथम,अंजलि द्वितीय और प्रीति तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग में तमन्ना प्रथम, वर्षा द्वितीय और निकिता तृतीय स्थान पर रही।

## राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में चल रहे एनएसएस में योगासन किया

रणघोष अपडेट. खरखौदा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सुबह के समय स्वयंसेवकों की और स्वयं सेविकाओं के द्वारा योगासन किया गया। स्वयंसेवकों ने अनेक प्रकार के योगासन किए। इस अवसर पर प्रवक्ता प्रतिभा राव ने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को मासिक धर्म /रजोनिवृत्ति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव के मंदिर में साफ सफाई का कार्य किया साथ ही साथ गांव के में रोड की सफाई में श्रमदान किया दोपहर के बाद कॉलेज प्रवक्ता डॉक्टर भरत भूषण ने साइबर सिक्योरिटी और जीवन दर्शन के बारे में व्याख्यान दिया। साथ ही साथ अपने कैंप के अनुभव स्वयंसेवक अंत के साथ साझा किया। इस अवसर पर प्रोग्राम अधिकारी ज्योति गुप्ता ने आए हुए वक्ताओं का स्वागत किया और प्रोग्राम अधिकारी मनु कुमार ने आए हुए वक्ता का आभार व्यक्त किया



Tree Plantation

Extension Lecture on Environment

## पौधारोपण कर दिलाया संरक्षण का संकल्प



राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य • सौ. महाविद्यालय

संस, खरखौदा : खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाया गया है। इस दौरान गुरुग्राम के सेक्टर 53 स्थित कालेज की प्राचार्या डा. इंदु राव ने पौधारोपण कर एनएसएस स्वयंसेवकों को पौधारोपण करने व उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। कालेज में 11 जगह पौधरोपण किया गया। मौके पर डा. दयावती, डा. सुशीला, डा. सिधांशु, डा. मान्या, डा. मिनाक्षी, डा. राजश्री, डा. स्वीटी आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



खरखड़ा महाविद्यालय में कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी • सौ. महाविद्यालय

संस, खरखौदा : खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में कुलपतिवार की वर्तमान समय में पर्यावरण समस्याएं विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से आए प्रोफेसर सुरेंद्र ने विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण रोकने के बारे में अवगत करवाया गया। वैश्य कालेज से आए प्रोफेसर प्रदीप बंसल ने अपने विचार रखे। प्राचार्य अर्चना सूटटा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया इस मौके पर डा. दयावती, डा. रामनिवास, डा. सुरेंद्र, डा. हरिप्रकाश, डा. भारत भूषण, रितेश, राजश्री, सरविता लांबा, प्रदीप

## खरखड़ा कॉलेज में मनाया वन महोत्सव

संवाद सहयोगी, खरखौदा : राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में शनिवार को वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर दो सौ से अधिक पौधे लगाए गए। मुख्य वन संरक्षक एमएस मलिक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जसबीर सिंह मलिक ने मुख्य अतिथि रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक के प्रशासक बीएस हुड्डा, साहित्यकार पवन दत्त व नीति दत्त, जिला नगर योजनाकार रोहतक एनके सोलंकी ने हिस्सा लिया।

एमएस मलिक ने कहा कि वर्तमान समय में अगर पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखना है तो प्रत्येक इंसान को पौधरोपण के लिए आगे आना होगा। केवल पौधारोपण ही प्रदूषण रोकने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने पौधारोपण को ही मानव जीवन का आधार बताया। इस कार्यक्रम में खरखड़ा स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया।

### पौधारोपण कर ली सुरक्षा की शपथ

संस, भिवाड़ी : रोटरी क्लब ऑफ भिवाड़ी शक्ति व एयूएसएफबी बैंक के तत्वावधान में हरित भिवाड़ी अभियान के तहत दो स्कूलों में पौधारोपण किया गया। क्लब ने पहले मार्डन स्कूल की [illegible] शाखा व प्रेसीडेंसी स्कूल के आसपास डेढ़-डेढ़ सौ पौधे लगाए। पूर्व अध्यक्ष सीमा आलान ने बताया कि पांच दिन के अभियान में विभिन्न स्थानों पर तीन हजार पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष ममता अग्रवाल, अध्यक्ष मीना जैन, उपाध्यक्ष [illegible] गुप्ता, सचिव प्रिया गुप्ता, निधि पंडित, [illegible], एडवोकेट मोहिनी सिंह, [illegible], एयूएसएफबी बैंक के [illegible], अंकुर टंडन, [illegible], [illegible], अरविंद वीर सिंह, शालिनी [illegible] आदि मौजूद थीं।



राजकीय कॉलेज खरखड़ा में वन महोत्सव में पौधारोपण करते अतिथि • जागरण

# Van Mahotsav

## कॉलेज खेल मैदान में खड़ी झाड़ियों व घास को काटकर चलाया गया सफाई अभियान

[illegible]

# Cleanliness Drive




## स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए किया प्रेरित



राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में आयोजित शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक और स्टाफ के सदस्य● सौजन्य महाविद्यालय

**संस, धारूहेड़ा** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. अर्चना सूदा ने किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक किसी भी काम को करने के लिए सबसे आगे रहते हैं। कार्यक्रम आफिसर डा. मनु कुमार और ज्योति गुप्ता ने सात दिनों तक चलने होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। हिंदी प्रवक्ता डा. सुशीला लाबा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डा. रामनिवास, डा. सत्येंद्र, महेश कुमार, सुशील कुमार, दीपक, मान्या, शिवानी, राजश्री, कविता, सरिता, डा. भारत भूषण आदि उपस्थित रहे।

# Cleanliness Drive




दैनिक भास्कर **रेवाड़ी भास्कर** 17-03-2024

## खरखड़ा कॉलेज के विद्यार्थियों ने कैम्प लगा लोगों को किया जागरूक



गांव खरखड़ा में रैली निकालते हुए कॉलेज के विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | खरखौदा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में आयोजित एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन शनिवार को स्वयंसेवकों ने खरखड़ा में सफाई अभियान के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी भी निकाली। मतदान को लोकतंत्र के पर्व के तौर पर मनाये जाने के साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नकल रहित परीक्षा' था। इसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजश्री, सरिता और कविता ने मुख्य निभाई। प्रतियोगिता में अरूण प्रथम, इन्दु द्वितीय और अनूप तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता और मनु कुमार ने निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया।

# Rally on Environment Conservation

दैनिक भास्कर

रेवाड़ी भास्कर 07-02-2024

## खरखड़ा कॉलेज में एनएसएस कैम्प... पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जागरूकता रैली




धारूहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रथम एकदिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.अर्चना सुड्डा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। कैम्प के दौरान सभी स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मनु कुमार व कुमारी ज्योति गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम खरखड़ा में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता रैली निकाली गयी। इसके साथ ही सभी स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज में लगे हुए पेड़-पौधों की खरपतवार हटा कर उनकी क्यारी बना उनमें पानी डाला गया। इस अवसर पर दयावती, डॉ.सुशीला लाम्बा, डॉ.हरिप्रकाश, सत्येन्द्र सिंह,एकता रानी, डॉ.मोना, सुशील कुमार, मान्या भोला, दीपक कुमार, राजश्री, डॉ.मीनाक्षी, कविता, डॉ.भारत भूषण, डॉ.प्रदीप व डॉ.सविता यादव सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Cracker Free Diwali

विविध गतिविधियां

## पटाखे नहीं जलाने का दिलाया संकल्प




महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को जागरूक करते स्टाफ के सदस्य• सौ. महाविद्यालय

**संवाद सहयोगी, धारूहेड़ा :** खरखड़ा के राजकीय महाविद्यालय में तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण से बचाव व पटाखों को जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रभारी ज्योति गुप्ता ने संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण लोग परेशान हैं। मानव स्वयं ही मानव के लिए समस्या बनता जा रहा है। यदि समय रहते प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं हुए तो जीना मुश्किल हो जाएगा। जागरूकता रैली निकाल आमजन को जागरूक किया जाएगा।

# Cleanliness Drive



## स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धारूहेड़ा. खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाई की ओर से शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उप प्राचार्य डॉ. दयावती ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक स्पेशल विद्यार्थी होते हैं, जो सामाजिक सरोकार के कार्यों में सहयोग को तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम अधिकारी ज्योति, दीपक ने स्वयंसेवकों को शिविर की महत्ता व उद्देश्य बताए। प्राकृतिक आपदा पर स्वयंसेवकों का बड़ा महत्व बताया है। समाज के सहयोग के लिए भी स्वयंसेवकों का अपना योगदान होता है। कार्यक्रम में दोपहर बाद समूह व एकल गान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने पार्क व महाविद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान के तहत श्रमदान किया।



# Cleanliness Drive




Cleanliness Drive at Village Kharkhara






# Tree Plantation








राबट स्नातकोत्तर (खरखेड़ा: राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा मे राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाइयो की ओर से सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आइक्यूएसी के एनएसएस कोआर्डिनेटर डा. कर्ण सिंह ने किया। इस शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों की ओर से महाविद्यालय परिसर मे सफाई अभियान चलाया गया। डा. कर्ण सिंह ने सेवा को परम धर्म बताते

की कार्यकारी प्राचार्या डा. ज्योति ने बताया कि शिविर में कुल 100 से अधिक स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम संयोजक ज्योति व दीपक ने बताया कि इस दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, जागरूकता रैली तथा डिजिटल इंडिया आदि गतिविधियो आयोजित की जाएगी। डा. कर्ण सिंह का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। डा मुकेश यादव ने जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर डा. रामनिवास, हरिप्रकाश,

# Cleanliness Drive at Village Kharkhara & Painting Competition

## पेंटिंग प्रतियोगिता में तमन्ना बनी विजेता




राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा मे आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ के सदस्य ● सौ. कालेज

**संस, धारूहेड़ा:** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों की ओर से गांव के मंदिर परिसर की सफाई की गई। इसके पश्चात पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई, जिसमें तमन्ना को पहला, निधि को दूसरा तथा नेहा को तीसरा स्थान मिला। साधन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से शीन अरोड़ा ने आत्मचिंतन विषय पर अपने विचार रखे। आइजीयू मीरपुर से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सुशांत यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अच्छे चरित्र के निर्माण पर बल दिया कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता व दीपक कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

24-3-23

# Health Awareness Drive at Village Kharkhara









Awareness on Stubble Burning

07 Nov. 2019

# विद्यार्थियों ने खेतों में जाकर किसानों व रैली निकाल ग्रामीणों को पराली न जलाने के लिए किया जागरूक

भास्कर न्यूज़ | धारूहेड़ा

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के विद्यार्थियों ने पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण से हो रहे नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु हुड्डा ने विद्यार्थियों को किसानों द्वारा खेतों में पराली के जलाए जाने को लेकर होने वाले नुकसान से अवगत कराया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सत्येंद्र सिंह व सुशीला लांबा के नेतृत्व में गांव के खेतों में जाकर किसानों को फसलों के अवशेष व पराली के जलाए जाने से होने वाले नुकसान जैसे भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म होने, वातावरण दूषित तथा लोग बीमारियों की चपेट में आ जाने, आदि के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. शालिनी यादव व डॉ. सरिता सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



खरखड़ा में किसानों को जागरुक करते राजकीय कॉलेज के विद्यार्थी।



पराली नहीं जलाने के प्रति जागरुकता रैली निकालते राजकीय विद्यालय अलावलपुर के शिक्षक व विद्यार्थी।

## पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में कराया अवगत

अलावलपुर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। रैली को मुख्य शिक्षक सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएमसी प्रधान संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को पॉलिथीन की जगह कपड़े से बने थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने घरों के आस पास साफ सफाई रखे। अध्यापक मंजीत कुमार ने पराली जलाने पर पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर जागेराम, राजसिंह नंबरदार व देशराज यादव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

# Ozone Day

दिनांक - 03 - 10 - 2023
दैनिक भास्कर

## ओजोन दिवस पर विद्यालय में हुई प्रतियोगिता



...ीय महाविद्यालय खरखड़ा में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित ... स्टाफ के सदस्य • सौ. महाविद्यालय

स... धारूहेड़ा : गांव खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को भूगोल विभाग ने विश्व ओजोन दिवस मनाया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डा.. अर्चना सुटा ने प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाया तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूक किया। पोस्टर मेकिंग में महक प्रथम, मनीषा द्वितीए, तमन्ना तीसरे स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में तनु प्रथम, महक द्वितीय, निशा तृतीय रही। डा. सियांशु, डा. सुशीला लाथा तथा भारत भूषण ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की।

दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 07-02-2022

# खरखड़ा कॉलेज में एनएसएस कैंप विद्यार्थियों ने की साफ-सफाई




खरखड़ा कॉलेज में एनएसएस कैंप आयोजित।

भास्कर न्यूज | धारूहेड़ा

गांव खरखड़ा राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार गर्ग ने किया।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कोरोना एसओपी के तहत शिविर में भाग लेने और महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की उपप्राचार्या दयावती ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी ज्योति और दीपक कुमार ने स्वयंसेवकों को सामाजिक और अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के खेल के मैदान, ऑडिटोरियम और इमारत में लगे जाले साफ किए, महाविद्यालय में उगी खरपतवार की भी सफाई की गई। इस मौके पर कॉलेज के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

24.03.2022


# सफाई के प्रति किया जागरूक



धानसेड़ा @ पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को योग ध्यान कराया गया। साथ ही उन्हें योग की महत्ता और लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

छात्राओं ने शिविर स्थल एवं गांव के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया तथा सफाई के लाभ बताए। योग प्रशिक्षक राजबाला व विकी ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया और इसकी महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा बीमारियां भी नहीं होती। योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. मुकेश, डॉ. रामनिवास, हरिप्रकाश, सुशीला रांचा, सतेंद्र चौहान, मनु कुमार, सुरेंद्र, मान्या, शिवानी, राजश्री, प्रदीप, सरीता, स्वीटी, शिल्पा, भारत भूषण, शर्मिला, अनिल कुमार, मोनू आदि मौजूद रहे।

# Tree Plantation



Date 27-7-19

'पौधारोपण महोत्सव'

राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के पावन प्रांगण में 27 जुलाई को एन.एस.एस. के तत्वाधान में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य वन-संरक्षक आई.एफ.एस श्री एम.एस. मलिक की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि वरिष्ठ अधिवक्ता श्री जसबीर सिंह मलिक रहे। विशिष्ट अतिथि श्री बी.सि. हुड्डा, प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक, लेखक एवं साहित्यकार श्री पवन रता एवं श्रीमति रीटा रता, रोहतक से जिला नगर योजनाकार श्री एन.के. सोलंकी रहे। कॉलेज प्राचार्या श्रीमति रेणु हुड्डा ने सभी का अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर 500 पौधे लगाए गए। साथ ही पौधा वितरण भी किया गया। मुख्य अतिथि श्री जसबीर सिंह ने पौधारोपण को ही मानव जीवन का आधार बताया। इस मौके पर रा० व० मा० वि० खरखड़ा के 200 बच्चों ने भी भाग लिया। सभी बच्चों को एक-एक पौधा दिया गया। खरखड़ा स्कूल के प्रिंसीपल श्री राजपाल यादव, लेक्चरर इन्दिरा यादव के साथ सारा स्कूल स्टाफ उपस्थित था। गाँव सरपंच श्री रामपाल, रिटायर्ड डी.एस.पी श्रीपाल, सुभाष यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में उपप्राचार्या श्रीमति दयावती ने बड़े सुन्दर शब्दों में सभी का आभार व्यक्त करके सबका दिल जीत लिया। इस प्रकार समस्त महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम सुसम्पन्न हुआ।

Programme Officer (N.S.S.)
Govt. College Kharkhara
Distt. Rewari

Principal
Govt. College, Kharkhara (Rewari)

0.7.11.2019

Date

# खरखड़ा कॉलेज में एक दिन के एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों ने की साफ-सफाई



**भास्कर न्यूज** | धारूहेड़ा

गांव खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. रेणु हुड्डा के नेतृत्व में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुशीला लांबा ने एनएसएस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। स्वयंसेविकाओं ने मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में बने बड़े-बड़े घास के मैदान को साफ किया और महाविद्यालय परिसर में बिखरे हुए प्लास्टिक के सामान बोतलों को एकत्रित किया। पेड़ों के लिए क्यारियां बनाई गई, जिनसे पानी का सदुपयोग हो सके।

खाली पड़े मैदान में गड्ढा खोदकर कूड़े को जैविक खाद के लिए दबाया गया। प्राचार्या डॉ. रेणु हुड्डा ने स्वयंसेविकाओं की ओर से किए गए कार्यों को सराहा। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किए गए। वहीं राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर डॉ. दयावती, डॉ. सुधांशु, डॉ. मुकेश, डॉ. रामनिवास, एकता, सरिता, मीनाक्षी, डॉ. भारत भूषण, प्रदीप, राजश्री, लच्छी बाबू, अनिल कुमार, प्रदीप व मुरारी सिंह सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

0.8.02.2022.

# स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान



धारूहेड़ा. कॉलेज में सफाई करते स्वयंसेविकाएं।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

rajasthanpatrika.com

धारूहेड़ा. खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की छात्रा इकाई की ओर से एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इस मौके पर छात्राओं ने कॉलेज परिसर में सफाई अभियान भी चलाया।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुशीला लांबा ने बताया कि सुबह स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराया। दोपहर बाद कॉलेज परिसर में सफाई की गई। परिसर में 20 से अधिक पौधरोपण किया तथा उनकी देखभाल की शपथ दिलाई। स्वयंसेविकाओं ने कचरा एत्रित कर मिट्टी में दबाया, ताकि जैविक खाद बन सके। शिविर का राष्ट्रीय गान के बाद समापन हुआ। इस मौके पर डॉ. दयावती, डॉ. सिधांशु, डॉ. मुकेश, डॉ. सतेंद्र चौहान, डॉ. मुकेश यादव, एकता रानी, राजश्री, कविता, लच्छीराम, अनिलकुमार, सतबीर, सोनू, हरिप्रकाश, सरिता आदि मौजूद थे।

# Central Vigilance Week

Central viligance Week

Date 03-11-2020

As per the letter of Central viligance Comission Celebrate the week of 27 oct 2020 to 02 Nov. 2020 (observance of vigilance Awareness week 2020) with the theme of "Satark Bharat, Samrudh Bharat (vigilant India, Prosperous India). This week NSS unit organize many programme. This Time Covid-19 It is not possible to organize any programme in College Campus because our College is Covid Centre. So, we have organize all programme online mode.

1) A online Quiz is organized focused on all Questions are related "vigilance awareness"

2) online Poster making Competition organized with the theme "vigilance Awareness.

3) online Integrity pledge were taken all staff members and all students.

4) A Special Programme was run in the Campus building by the Sanitizations workers were Sanitizing all College Campus due to Covid-19 time.

Principal
Govt. College, Kharkhara
(Rewari)

Programme Officer (N.S.S.)
Govt. College, Kharkhara
Distt.- Rewari
09.11.2020



# Athletic Meet 2023-24







दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 29-02-2024

## खरखड़ा कॉलेज में राजकीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का किया आयोजन

खरखड़ा कॉलेज मे आयोजित प्रतियोगिता के दौरान शिक्षक व विद्यार्थी।

**धारूहेड़ा** | राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में बुधवार को वैज्ञानिक उपलब्धियों के महत्व को रेखांकित करने व विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक कार्यक्रमों की एक शृंखला के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश ने बताया कि कॉलेज प्रांगण में आयोजित उत्सव का मुख्य आकर्षण एक निबंध लेखन प्रतियोगिता थी जिसने विद्यार्थियों की वाक्पटुता और विश्लेषणात्मक कौशल को सामने लाया गया। जिसका विषय 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' रहा।

प्रवक्ता डॉ. सतेंदर ने कहा कि कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों व मेहमानों को पूछताछ और खोज की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाया गया था। इस दौरान निबंध लेखन के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनु कुमार, कविता, शिवानी और डॉ. मीनाक्षी सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



